दिनांक
04/11/024

छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक सूचना सत्र 2024–25

बी0ए0 बी0कॉम0 प्रथम, तृतीय पंचम सेम0, तथा द्वितीय, तृतीय वर्ष और एम0ए0 प्रथम, तृतीय सेम0, में प्रवेश लेने वाली सामान्य वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग की उन छात्राओं को सूचित किया जाता है जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय दो लाख से कम तथा अनुसूचित जाति वर्ग की वार्षिक आय ढ़ाई लाख से कम है। वे सभी छात्रायें छात्रवृत्ति का फार्म डाउनलोड करने के उपरान्त प्रिंट आउट निकालकर आवेदन पत्र व उसमें संलग्न सभी प्रपत्रों की PDF फाईल साफ्टकॉपी में सीडी बनाकर **20.11.2024** तक महाविद्यालय में दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से वाछित प्रपत्रों सहित जमा करा दें। नही तो छात्रवृत्ति का आवेदन पत्र जमा नहीं होगा। छात्रायें छात्रवृत्ति के लिये स्वयं उत्तरदायी होगी।

वांछित प्रपत्रों की सूची

1. हाईस्कूल की अंकतालिका व प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
2. इण्टरमीडिएट की अंकतालिका व प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
3. ग्रेजुऐशन की मार्कशीट की छायाप्रति।
4. आय प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (आय प्रमाण–पत्र छः माह से पुराना न हो या तीन साल के लिये वैध हो) तथा नेट वेरिफिकेशन।
5. जाति प्रमाण पत्र तथा नेट वेरिफिकेशन।
6. मूल निवास प्रमाण पत्र तथा नेट वेरिफिकेशन।
7. शपथ पत्र 10 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी।
8. अनुबन्ध पत्र 10 रूपये के स्टाम्प पर।
9. आधार कार्ड की छाया प्रति जो मोबाईल से लिंक हो।
10. बैंक की पासबुक जो आधार सीडिंग तथा एन0पी0सी0आई से मैपिंग हो।
11. सी0डी0, पैन ड्राइव।

नोटः–

1. सभी प्रपत्र स्वयं प्रमाणित होने अनिवार्य होगें।
2. छात्रवृत्ति का आवेदन पत्र भरने वाली सभी छात्राऐं फार्म को डाउनलोड कर उसका कच्चा प्रिंट निकालकर महाविद्यालय में चैक कराने के उपरान्त ही उसको लॉक व सबमिट कर महाविद्यालय में जमा करें।
3. बी0ए0, बी0कॉम0 तृतीय एवं पंचम सेम0 तथा एम0ए0 तृतीय सेम0 की छात्राऐं जिन्होंने पिछले वर्ष छात्रवृत्ति का फार्म भरा था वह छात्राऐं अपने पुराने फार्म को ही रिन्यू करायेगीं नया फार्म नहीं भरेंगी।
4. छात्रवृत्ति फार्म भरने के **द्वितीय चरण** के अन्तर्गत अल्पसंख्यक वर्ग, सामान्य वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राऐं दिनांक **31.12.2024** तक आवेदन करने तथा डाउनलोड करने के उपरान्त अपना छात्रवृत्ति फार्म समस्त प्रपत्रों सहित दिनांक **07.01.2025** तक भी महाविद्यालय में जमा करा सकती हैं, परन्तु पहले आओ पहले पाओ के आधार पर यदि छात्रवृत्ति का लाभ लेना चाहती हैं तो छात्राऐं अपना आवेदन पत्र **प्रथम चरण** के अन्तर्गत दिनांक **20.11.2024** तक अवश्य जमा करा दें।
5. अनुसूचित जाति वर्ग की वह छात्राऐं जो उक्त दिनांकों में भी अपना आवेदन नहीं कर पाती हैं वह **छात्रवृत्ति आवेदन के तृतीय चरण** के अन्तर्गत दिनांक **31.03.2025** तक अपना फार्म भरकर डाउनलोड करने के उपरान्त दिनांक **08.04.2025** तक भी अपना छात्रवृत्ति फार्म समस्त प्रपत्रों सहित महाविद्यालय में जमा करा सकती हैं।

भवदीया,
(डॉ0 अंशु बंसल)
प्राचार्या
गौरी शंकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बुलन्दशहर